23.09.2025 | आकाशवाणी मध्यप्रदेश | 7.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- 71वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह हुआ आयोजित, मोहनलाल को मिला दादा साहब फाल्के पुरस्कार ।
- राज्य मंत्री-परिषद की बैठक में मेडिकल कॉलेजों में नए सीनियर रेसीडेंट पदों को मंजूरी प्रदान की गयी।
- मुख्यमंत्री कल बालाघाट में किसानों को देंगे 337 करोड़ रुपये का बोनस, और 75 निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे।
- मानसून विदाई से पहले सक्रिय: प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश और गरज-चमक का अलर्ट जारी।

## 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के मौजूदगी में आज 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का आयोजन नई दिल्ली में हुआ। ने विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद थे।समारोह में दिग्गज अभिनेता और निर्देशक मोहनलाल को भारतीय सिनेमा का सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया गया। फिल्म जवान में अभिनय के लिए शाहरुख़ ख़ान और फिल्म 12 th फेल के लिए विक्रांत मैसी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं, रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। फिल्म कटहल : अ जैकफ्रूट मिस्ट्री को इस वर्ष का सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया।

## मंत्रि-परिषद की बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। निर्णयों की जानकारी देते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि मंत्रि-परिषद ने सार्वजनिक निजी भागीदारी के तहत निजी ऑपरेटरों के माध्यम से प्रदेश में हैलीकॉप्टर सेवा संचालन की स्वीकृति दी है। यह सेवा तीन सेक्टरों में संचालित होगी और प्रमुख शहरों, धार्मिक स्थलों, राष्ट्रीय उद्यानों और पर्यटन स्थलों के बीच किफायती और स्थायी यात्रा

सुविधा उपलब्ध कराएगी। बैठक में सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारणी और अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई की पुनरीक्षित लागतों को स्वीकृत दी गईं। इसके अलावा,13 स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में नॉन क्लीनिकल और पैरा क्लीनिकल संकायों में 354 नए सीनियर रेसीडेंट पदों के सृजन की भी मंजूरी दी गई है।

## मुख्यमंत्री- बालाघाट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल बालाघाट जिले के कटंगी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किसानों को बड़ी सौगात देंगे। इस दौरान वे समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले 6 लाख 69 हजार किसानों के खातों में 337 करोड़ 12 लाख रुपये की बोनस राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री 4315 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे और 244 करोड़ रुपये की लागत से 75 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे।

## जीएसटी सुधार

भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने के लिए कल से लागू हुए अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दे रहे हैं। इन सुधारों के तहत हेयर ऑयल, साबुन, शैम्पू, टूथपेस्ट और शेविंग क्रीम पर जीएसटी 18 से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। दूध, पनीर, रोटी और पराठों पर जीएसटी पूरी तरह हटा दिया गया है। नमकीन, भुजिया, पास्ता, नूडल्स, चॉकलेट और घी जैसे खाद्य पदार्थों पर भी कर अब केवल 5 प्रतिशत लगेगा। इसके अलावा रसोई के बर्तन, डायपर और सिलाई मशीन पर भी 5 प्रतिशत जीएसटी लागू होगा।

सेवा पर्व - रोज़गार और उद्यमिता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार रोज़गार सृजन और उद्यमिता को बढ़ावा दे रही है, और युवाओं को भविष्य के रोज़गार सृजक बनने के लिए सशक्त बना रही है।

आयुष्मान भारत

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना-आयुष्मान भारत को आज सात साल पूरे हो गए हैं। योजना 2018 में शुरू हुई थी । अब तक 55 करोड़ से अधिक लोग इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योजना की वर्षगांठ पर कहा कि आयुष्मान भारत ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में क्रांति लाकर गरीबों को वित्तीय सुरक्षा और सम्मान दिया है। वहीँ स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि "स्वस्थ भारत, विकसित भारत" के लक्ष्य को पूरा करने में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

आयुर्वेद दिवस- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत "आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम" का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी जिलों की 55 इकाइयों में विस्तारित होगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस मौके पर कहा कि विश्व के 150 देश में हमारे आयुर्वेद का डंका बज रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में आयुष वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए आयुष एवं पर्यटन विभाग के मध्य एमओयू का आदान-प्रदान किया गया।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज बताया कि विदिशा में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 25 अक्टूबर से 25 दिसंबर तक किया जाएगा। श्री चौहान ने बताया कि अब तक 24 हजार से अधिक खिलाड़ी पंजीकरण करा चुके हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपील

की कि 30 सितंबर  से पहले पंजीकरण अवश्य कराएं। इस महोत्सव में क्रिकेट, कबड्डी, हॉकी, खो-खो, रस्साकशी, कुर्सी दौड़ और नींबू रेस सहित कई खेल शामिल होंगे।

## नवरात्र

प्रदेश में नवरात्र पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। माँ ब्रम्ह्चारिणी के पूजन के लिए मंदिरों में  भक्तों का भीड़ रही। देवी मंदिरों में विशेष आरती और हवन का आयोजन किया गया। भोपाल सहित अन्य प्रमुख शहरों में गरबा और डांडिया कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

## मौसम

प्रदेश में मानसून विदाई से पहले एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों के लिए चेतावनी जारी की है। बड़वानी और धार जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी । वहीं भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, और निवाड़ी सहित 21 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी दी गई है।कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि फसलों और सब्ज़ियों में जल निकासी की व्यवस्था करें और बारिश के दौरान सिंचाई व दवा का छिड़काव टालें।

## समाचार संक्षेप में -----

- एशिया कप क्रिकेट के सुपर फोर चरण में आज पाकिस्तान का मुकाबला श्रीलंका से होगा। मैच अबू धाबी में रात 8 बजे शुरू होगा।
- छिंदवाड़ा में  प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रथम किश्त लेने के बाद निर्माण कार्य शुरु नहीं करने पर 162 हितग्राहियों को निगम ने चिन्हित किया है।
- अनूपपुर में “हिंदी के प्रचार-प्रसार में प्रवासियों की भूमिका” विषयक एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

----------------------------